नगर पालिका नारायणगढ़ द्वारा वर्षा ऋतु से पूर्व नगर के सभी प्रमुख नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य जनस्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, ताकि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके।

सफाई कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा, जिसमें पहले अत्यधिक जलभराव वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। नगरपालिका सचिव श्री मोहित कुमार ने बताया कि "सभी नालों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और आवश्यकता अनुसार सफाई करवाई जा रही है।"

नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और नालों में कचरा न डालें, जिससे नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखा जा सके।

नगर पालिका नारायणगढ़ द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर क्षेत्र में बंदरों को पकड़ने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य नगर क्षेत्र में बढ़ती बंदरों की संख्या एवं उनसे उत्पन्न असुविधा के समाधान हेतु किया जा रहा है।अब तक इस अभियान के अंतर्गत लगभग 17 बंदरों को सफलतापूर्वक पकड़ा जा चुका है। यह कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

यदि किसी नागरिक को अपने क्षेत्र में बंदरों की समस्या है या बंदर पकड़ने हेतु शिकायत दर्ज करानी है, तो कृपया निम्नलिखित संपर्क नंबरों पर तुरंत सूचना दें: संपर्क नंबर:[7494869119, 8607515746]

आपका सहयोग नगर क्षेत्र को सुरक्षित एवं सुचारु बनाए रखने में सहायक होगा।

पंजाब केसरी
SAT,24 MAY 2025
EDITION: AMBALA KESARI, PAGE NO. 1

# नगरपालिका द्वारा मानसून से पूर्व नालों की सफाई युद्धस्तर पर, बंदरों को भी पकड़ने का कार्य तेज



*नगरपालिका द्वारा की जा रही नालों की सफाई व पकड़े गए बंदर।*

नारायणगढ़, 23 मई (पंकेस): नगर पालिका नारायणगढ़ द्वारा वर्षा ऋतु से पूर्व नगर के सभी प्रमुख नालों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य जनस्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, ताकि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके।

सफाई कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा, जिसमें पहले अत्यधिक जलभराव वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। नगरपालिका सचिव मोहित कुमार ने बताया कि सभी नालों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और आवश्यकता अनुसार सफाई करवाई जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध कि वे इस अभियान में सहयोग करें और नालों में कचरा न डालें, जिससे नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखा जा सके।

उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर क्षेत्र में बंदरों को पकड़ने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य नगर क्षेत्र में बढ़ती बंदरों की संख्या एवं उनसे उत्पन्न असुविधा के समाधान हेतु किया जा रहा है। अब तक इस अभियान के अंतर्गत लगभग 17 बंदरों को सफलतापूर्वक पकड़ा जा चुका है। यह कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी नागरिक को अपने क्षेत्र में बंदरों की समस्या है या बंदर पकड़ने हेतु शिकायत दर्ज करानी है तो 7494869119 अथवा 8607515746 नंबरों पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।